प्रयोगिक नियमावली (मैनुअल)

ignou
THE PEOPLE'S
UNIVERSITY

ignou
THE PEOPLE'S
UNIVERSITY

इकाई 1 रक्त समूह प्ररूपण: मनुष्यों में एबीओ और आरएच (डी)रक्त समूह*

इकाई की रूपरेखा

1.0 परिचय

1.1 एबीओ रक्त समूह प्रणाली

1.2 आरएच रक्त समूह प्रणाली

1. 3 एबीओ और आरएच रक्त समूहों की फेनोटाइपिंग

1.3.1 आवश्यक सामग्री

1.3.2 3% आरबीसी (RBC) तैयार करना

1.3.3 एबीओ और आरएच रक्त समूहों की फेनोटाइपिंग

1.3.4 कमजोर डी फेनोटाइप का पता लगाना

1.3.4.1 आवश्यक सामग्री

1.3.4.2 प्रक्रिया

1.4 संदर्भ

अधिगम के उद्देश्य

इस इकाई को पढ़ने के बाद, आप सक्षम होंगे:

- रक्ताधान में एबीओ और आरएच रक्त समूहों के महत्व को स्पष्ट कर सकेंगे; तथा
- एबीओ और आरएच रक्त समूह प्रणाली के फेनोटाइपिंग का ज्ञान प्राप्त करेंगे जिसमें फॉरवर्ड और रिवर्स फेनोटाइपिंग शामिल है

1.0 परिचय

ब्लड ग्रुप के निर्धारण को ब्लड ग्रुप टाइपिंग ;प्ररूपणद्ध कहते हैं। रक्त समूह लाल रक्त कोशिका (आरबीसी) से बने एंटीजन होते हैं जिनमें रक्त प्रणाली होती है। आरबीसी का उपयोग करके रक्त समूहों का निर्धारण किया जाता है। इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ ब्लड ट्रांसफ्यूजन (**www.isbtweb.org**) की 30 जून, 2021 की रिपोर्ट के अनुसार, मनुष्यों में 43 रक्त समूहों की पहचान की गई है।

रक्त समूहों की जानकारी का उपयोग विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए किया जाता है, जैसे कि आबादी और प्रवास के बीच आनुवंशिक संबंधों को जानने के एक उपकरण के रूप में, और आबादी की विशेषताओं और आबादी में विविधता की जांच करने के लिए।

मानव भिन्नता और उत्पत्ति की जांच, चिकित्सकीय रूप से महत्वपूर्ण रूपों का पता लगाने और नस्लीय पूर्वाग्रहों को खत्म करने में सहायता करती है। रक्त समूह टाइपिंग आरबीसी

*डॉ. एसएए सतीश, आनुवंशिकी एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग, उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद।
अनुवादक– डॉ. चित्रलेखा अंशु, फ्रीलांसर, नई दिल्ली

के एग्लूटीनेशन (क्लंपिंग) के सिद्धांत पर आधारित है जिसमें एंटीजन होता है (उदाहरण के लिए: ए या बी या एबी या आरएच (डी)) यह जब एंटीबॉडी के साथ प्रतिक्रिया करता है (उदाहरण के लिए: एंटी–ए या एंटी–बी या एंटी–एबी, एंटी आरएच (डी)) जो प्लाज्मा में मौजूद होता है, यह मोटे तौर पर एंटीजन और एंटीबॉडी के संबंधों का संकेत देता है। आरबीसी की क्लंपिंग संबंधित रक्त समूह की उपस्थिति को इंगित करता है। प्रत्येक व्यक्ति एक विशेष रक्त समूह के लिए केवल एक प्रकार का प्रतिजन और प्रतिरक्षी(एंटीबॉडी) वहन करता है।

एंटीजन एक पदार्थ है जो प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को प्रेरित करता है। रक्त समूहों के मामले में, एंटीजन पॉलीसेकेराइड या प्रकृति में प्रोटीन होते हैं जो ज्यादातर ऑटोसोम या सेक्स क्रोमोसोम (एक्स या वाई) पर स्थित जीन द्वारा एन्कोड किए जाते हैं। एंटीबॉडी प्लाज्मा सेल द्वारा निर्मित एक प्रोटीन है ,यह एंटीजन द्वारा प्रेरित प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया के जवाब में एक विभेदित बी लिम्फोसाइट होता है। रक्त समूह एंटीबॉडी (प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले पदार्थ) जो प्लाज्मा में इम्युनोग्लोबुलिन एम अणुओं पर पाए जाते हैं मानव जीवन के पहले वर्ष में भोजन, बैक्टीरिया और वायरस के संपर्क में आने पर बनते हैं। शिक्षण उद्देश्यों के लिए, प्रयोगशालाओं में स्वैच्छिक दाताओं के आरबीसी और वाणिज्यिक एंटीबॉडी का उपयोग करके रक्त समूहों का निर्धारण किया जाता है। ब्लड बैंकों में, रक्त आधान से पहले, दाताओं और प्राप्तकर्ताओं / रोगियों दोनों के लिए रक्त समूह की टाइपिंग की जाती है जिसके लिए प्राप्तकर्ता के सीरम के साथ डोनर के आरबीसी का उपयोग भी किया जाता है, इस प्रक्रिया को क्रॉस मैचिंग (मिलान) के रूप में जाना जाता है। रक्त घटक (आरबीसी, प्लाज्मा और प्लेटलेट) के प्रकार की आवश्यकता के आधार पर विशेष रक्त घटक का आधान किया जाता ळें मनुष्यों में रक्त आधान के संबंध में, 9 रक्त समूह (Rh, ABO, MNS, Kidd, Kell, P, Lewis, Duffy and Lutheran) (आरएच, एबीओ, एमएनएस, किड, केल, पी, लुईस, डफी और लूथरन) रक्त घटक आधान के उद्देश्य से महत्वपूर्ण हैं। वर्तमान इकाई में, एबीओ और आरएच रक्त समूहों के निर्धारण का वर्णन किया गया है।

1.1 एबीओ रक्त समूह प्रणाली

1901 में, कार्ल लैंडस्टीनर ने ABO रक्त समूह प्रणाली के A, B, O की खोज की, जबकि AB रक्त समूह की खोज 1902 में डी कैस्टैलो और स्टेनी ने की थी। ABO प्रणाली के A, B और O रक्त समूहों की खोज के लिए कार्ल लैंडस्टीनर को वर्ष 1930 में फिजियोलॉजी या मेडिसिन में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। एबीओ सिस्टम के लिए जीन क्रोमोसोम 9 पर स्थित होता है।

इस प्रणाली में चार रक्त समूह (ए, बी, एबी और ओ) होते हैं जो एंटीजन और एंटीबॉडी की उपस्थिति और अनुपस्थिति के आधार पर निर्धारित होते हैं। एंटीजन और एंटीबॉडी रक्त में मौजूद होते हैं (पूर्व लाल कोशिकाओं पर मौजूद होता है और बाद में रक्त प्लाज्मा में)। एंटीजन को ए और बी और एंटीबॉडी को एंटी–ए और एंटी–बी के रूप में नामित किया गया है। समूह ए के व्यक्ति में एंटीजन ए और एंटीबॉडी एंटी–बी होता है। ग्रुप बी के व्यक्ति में एंटीजन बी और एंटीबॉडी एंटी–ए होते हैं। समूह O के व्यक्तियों में दोनों प्रतिरक्षी(एंटीबॉडी) होते हैं और उनमें किसी प्रतिजन (एंटीजन) की कमी होती है जबकि समूह ।ठ के व्यक्तियों में दोनों प्रतिजन (एंटीजन) होते हैं लेकिन किसी प्रतिरक्षी(एंटीबॉडी) की कमी होती है।

O ब्लड ग्रुप वाले व्यक्ति सभी ब्लड ग्रुप वाले व्यक्तियों को रक्त घटक (ब्लड कंपोनेंट) (RBC, प्लाज्मा और प्लेटलेट्स) दान कर सकते हैं। A रक्त समूह के वाहक किसी भी रक्त घटक को A या AB को दान कर सकते हैं; B रक्त समूह के वाहक B और AB के वाहकों को रक्त घटक दान कर सकते हैं और AB रक्त समूह के व्यक्ति AB रक्त समूह के वाहकों को ही रक्त घटक दान कर सकते हैं। दूसरे शब्दों में, हम इसे इस प्रकार समझ सकते हैं कि A रक्त समूह के वाहक A और O रक्त समूहों के वाहकों से कोई भी रक्त घटक प्राप्त कर सकते हैं। बी ब्लड ग्रुप के वाहक बी और ओ ब्लड ग्रुप से ब्लड कंपोनेंट्स प्राप्त कर सकते हैं। O रक्त समूह के वाहक केवल O रक्त समूह से रक्त घटक प्राप्त कर सकते हैं, जबकि AB रक्त समूह के वाहक सभी रक्त समूहों A, B, AB और O से रक्त घटक प्राप्त कर सकते हैं। उपरोक्त स्पष्टीकरणों के आधार पर, हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि, रक्त समूह O (–ve) एक सार्वभौमिक दाता है, रक्त समूह AB (+ve) एक सार्वभौमिक प्राप्तकर्ता है।

A, B और O नाम के तीन जीन इस प्रणाली को नियंत्रित करते हैं। ए और बी एलील सहाधिरोही (co-dominant) हैं और ए और बी दोनों ओ के लिए प्रभावशाली हैं जो रिसेसिव होता है। ABO का वंशानुक्रम मेंडेलियन पैटर्न का अनुसरण करता है। विश्व जनसंख्या में रक्त समूह O (63%) की आवृत्ति प्रमुख है, इसके बाद A (21%) और B (16%) आते हैं। भारतीय आबादी में 'बी' रक्त समूह की प्रबलता की विशेषता है (वेंकटरमण, 2012)। यूरोपीय लोगों में, रक्त समूह 'ए' प्रमुख है, एशिया में 'बी' और दक्षिण अमेरिका, साइबेरिया और स्विट्जरलैंड के कुछ क्षेत्रों में 'ओ' (फरहुद और येगनेह, 2013)। भारत में सैनिकों पर रक्त समूहों की पहली जांच 1919 में हिर्शफील्ड द्वारा की गई थी। एबीओ ब्लड ग्रुप मल्टीपल एलील्स का एक अच्छा उदाहरण है जिसे फेलिक्स बर्नस्टीन ने 1924 में खोजा था। एबीओ रक्त समूह मनुष्यों में किया गया पहला अध्ययन था जो बहुरूपता पर आधारित था और यह इस मार्कर(चिन्हकों) का डेटा था जिसका उपयोग उद्विकासवादी वृक्ष निर्माण के लिए किया गया था।

वाहकों में रोगों के प्रति संवेदनशीलता जांचने के लिए भी रक्त समूहों का भी अध्ययन किया गया है। उदाहरण के लिए, यह देखा गया कि 'O' रक्त समूह के वाहकों में अन्य रक्त समूहों के वाहकों की तुलना में गैस्ट्रिक और ग्रहणी (duodenal) संबंधी अल्सर, हैजा और अन्य प्रकार के दस्त विकसित होने का अधिक जोखिम पाया गया। A और B रक्त समूह के वाहकों में, A से अधिक B रक्त समूह वाहक हैजा के प्रति अधिक संवेदनशील पाए गए हैं। अन्य रक्त समूहों वाले लोगों की तुलना में ए और एबी के वाहकों को चेचक से संक्रमित होने का जोखिम अधिक देखा गया है। ए रक्त समूह के वाहकों को गैस्ट्रिक कैंसर के प्रति अतिसंवेदनशील पाया गया है (सरकार, 2012; डीन, 2015)। फोरेंसिक प्रयोगशालाओं में रक्त समूहों का उपयोग करके पितृत्व संबंधी विवादों को सुलझाया जाता है और संदिग्ध आपराधिक पहचान की पुष्टि की जाती है।

1.2 आरएच (Rh) रक्त समूह प्रणाली

Rh ब्लड ग्रुप की खोज 1940 में कार्ल लैंडस्टीनर और वेनर ने की थी। Rh फैक्टर की खोज के कारण इस ब्लड ग्रुप का नाम पड़ा। इस रक्त समूह के खोजकर्ताओं ने खरगोश में रीसस बंदर के आरबीसी को इंजेक्ट किया और इंजेक्शन की एक श्रृंखला के बाद, प्रतिरक्षित खरगोशों के प्लाज्मा ने न केवल रीसस बंदर और बल्कि मनुष्यों के भी आरबीसी के क्लंपिंग का कारण बना। तब से, Rh (D) प्रतिजन के लिए Rh कारक

नाम को बरकरार रखा गया। यह ब्लड ग्रुप एरिथ्रोब्लास्टोसिस फेटलिस से जुड़े होने के कारण भी चर्चा में आया, जो कि नवजातों की हीमोलिटिक बीमारी है। यह भ्रूण के डी एंटीजन के खिलाफ आरएच–(नकारात्मक) मां के प्लाज्मा में आईजीजी (IgG) एंटीबॉडी के उत्पादन के कारण होता है, जो भ्रूण में प्रसव के दौरान प्लेसेंटा के माध्यम से प्रवेश करता है और हेमोलिसिस का कारण बनता है, जिससे ज्यादातर दूसरी गर्भावस्था के दौरान एनीमिया और भ्रूण की मृत्यु तक हो जाती है। Rh रक्त समूह मनुष्यों में एक जटिल रक्त समूह है और इसमें 56 प्रतिजन(एंटीजन) होते हैं(www.isbtweb.org)। उनमें से D, C, E, c, और e (डीन, 2015) उल्लेखनीय हैं। ये एंटीजन क्रोमोसोम 1 पर स्थित आरएचडी (RHD) और आरसीएचई (RCHE) जीन द्वारा एन्कोडेड होते हैं। आरएचडी जीन आरएचडी एंटीजन को एनकोड करता है जबकि आरएचसीई जीन CE एंटीजन को अलग–अलग संयोजनों जैसे कि Cece, CE या cECx (RH9), Cw(RH8) और VS (RH20) में एन्कोड करता है। Rh (D) प्रतिजन के वाहकों को Rh+ (धनात्मक) कहा जाता है और जिनमें इसकी कमी होती है उन्हें Rh– (ऋणात्मक) कहा जाता है। Rh+ एशियाई लोगों में और Rh– कोकेशियान में प्रमुख है। एशियाई लोगों में सी और ई एंटीजन प्रमुख हैं; काले और कोकेशियान में सी और ई एंटीजन (डीन, 2015)। Rh प्रतिजन केवल RBC पर ही व्यक्त होते हैं।

1. 3 एबीओ और आरएच रक्त समूहों की फेनोटाइपिंग

रक्त समूहों का फेनोटाइपिंग या निर्धारण पोर्सिलेन टाइल/ग्लास स्लाइड/माइक्रोसेंट्रीफ्यूज ट्यूब/माइक्रोप्लेट पर किया जाता है। व्यावसायिक रूप से उपलब्ध एंटीसेरा का उपयोग करके रक्त समूहों का निर्धारण किया जाता है।

1.3.1 आवश्यक सामग्री

1. 3% लाल रक्त कोशिकाएं (वजन/मात्रा) (डब्ल्यू/वी)
2. 0.9% (डब्ल्यू/वी)स्लाइन
3. लैबटॉप सेंट्रीफ्यूज
4. पॉलीस्टाइनिन/ग्लास ट्यूब (5 mL)
5. माइक्रो/मिनी सेंट्रीफ्यूज
6. माइक्रोसेंट्रीफ्यूज ट्यूब (1 mL)
7. माइक्रोसेंट्रीफ्यूज ट्यूब (2 mL)
8. माइक्रोपिपेट्स (100 µl और 1 उस)
9. माइक्रोपिपेट टिप्स (100 µl और 1 उस)
10. वाणिज्यिक एंटीबॉडी (एंटीसेरा–ए, बी, एच और डी)
11. माइक्रोसेंट्रीफ्यूज ट्यूब स्टैंड
12. डबल आसुत(डिस्टिल्ड) जल
13. ग्लास बीकर
14. कांच की बोतल

1.3.2 3% आरबीसी (RBC) तैयार करना

1. एक 5mL शिरापरक रक्त (विनौस) वालेंटियर से लिया जाता है और निकाले गए रक्त को धीरे–धीरे 5mL फाल्कन ट्यूब या ग्लास ट्यूब की दीवारों के माध्यम से छोड़ा जाता है जिसमें थक्कारोधी (सोडियम साइट्रेट (160mg) या एथिलीन डायमाइन टेट्रा एसिटिक एसिड (10mg) या हेपरिन (75IU/एमएल) को मिलाकर 5 से 6 मिनट के लिए हथेली या बेंच पर ट्यूब को धीरे से घुमाकर अच्छी तरह मिलाएं।

2. लैबटॉप सेंट्रीफ्यूज में 1000 रेवोल्यूशन प्रति मिनट (आरपीएम) पर फाल्कन/ग्लास ट्यूब को सेंट्रीफ्यूज(अपकेंद्रित) करें ।

3. फाल्कन/ग्लास ट्यूब में सतह पर तैरनेवाले पदार्थ को 2mL माइक्रोसेंट्रीफ्यूज ट्यूबों में एकत्र कीजिए है।

4. 0.9% स्लनाइन (W/V) के 100mL को एक ग्लास बीकर में 900 मिलीग्राम सोडियम क्लोराइड (NaCl) मिलाकर तैयार किया जाता है जिसमें 100mL आसुत जल (डबल डिस्टिल्ड वाटर) होता है और जिसे कमरे के तापमान(रूम टैम्परेचर) पर कांच की बोतल में स्टोर किया जाता है।

5. फाल्कन/ग्लास ट्यूब जिसमें से सतह पर तैरनेवाला पदार्थ हटा दिया गया था, 1उस माइक्रोपिपेट के साथ 0.9% स्लाइन के 3.5mL मिलाइए।

6. लैबटॉप सेंट्रीफ्यूज में 3 मिनट के लिए 2500 आरपीएम पर फाल्कन/ग्लास ट्यूब को सेंट्रीफ्यूज करें। इस चरण को कई बार दोहराएं जब तक कि फाल्कन/ग्लास ट्यूब में सतह पर तैरनेवाला पदार्थ पारदर्शी दिखाई न देने लगे।

7. 3% RBC की 2mL मात्रा तैयार करने के लिए, RBL सस्पेंशन के 60µl को 2mL माइक्रोसेंट्रीफ्यूज ट्यूब में जोड़ा जाता है, जिसमें 1उस या 100µl माइक्रोपिपेट का उपयोग 1940µl 0.9% सेलाइन के साथ किया जाता है।

8. सामग्री को माइक्रोसेंट्रीफ्यूज ट्यूब में एस्पिरेटिंग और डिस्पेंसिंग द्वारा कई बार 2 mL माइक्रोसेंट्रीफ्यूज ट्यूब में 1 mL माइक्रोपिपेट के साथ मिलाइए।

चित्र 1.1: लैबटॉप सेंट्रीफ्यूज
(स्रोत: https://www.biomall.in/product/labtop-cantrifuge-hc 25r-hc-25r)

चित्र 1.2: माइक्रो या मिनी सेंट्रीफ्यूज
(स्रोत: https://www.pipette.com/Microcentrifuges)

चित्र 1.3: पॉलीस्टाइरीन 5 mL ट्यूब
(स्रोत: https://www.intscientific.com/product/pbt081/)

चित्र 1.4: ग्लास ट्यूब (ऊपर)
(स्रोत: https://www.universalmedicalinc.com/13mm-x-75mm-5ml-test-tubes.html)

चित्र 1.5: चर आयतन माइक्रोपिपेट
(स्रोत: https://in.labbox.com/product/variable-volume-micropipette-easy-40-elite/)



चित्र 1.6: माइक्रोपिपेट बॉक्स टिप्स
(स्रोत: https://indolabutama.com/catalogue/pipette-tips/)



चित्र 1.7: माइक्रोसेंट्रीफ्यूज ट्यूब (स्रोत: Starlab.com)

1.3.3 एबीओ और आरएच रक्त समूहों की फेनोटाइपिंग

1. 4 माइक्रोसेंट्रीफ्यूज ट्यूब (1mL) लें और उन्हें A, B, H और D के रूप में लेबल करें।
2. प्रत्येक 4 माइक्रोसेंट्रीफ्यूज ट्यूब में 100µl एंटीसेरा– A, B, H और D को जोड़ें।
3. 4 माइक्रोसेंट्रीफ्यूज ट्यूबों में से प्रत्येक में 3% आरबीसी सस्पेन्शन के 100µl जोड़ें
4. माइक्रोसेंट्रीफ्यूज ट्यूबों को 1 मिनट के लिए मिनीसेंट्रीफ्यूज में 1000 आरपीएम पर सेंट्रीफ्यूज करें
5. माइक्रोसेंट्रीफ्यूज ट्यूबों में आरबीसी के एग्लूटीनेशन का बनना विशेष रक्त समूह की उपस्थिति को इंगित करता है। परिणामों की व्याख्या तालिका 1.1 में दर्शाई गई है।

यदि A लेबल वाले माइक्रोसेंट्रीफ्यूज में समूहन (एग्लूटिनेशन) है, तो यह ए ब्लड ग्रुप है; यदि B लेबल वाली माइक्रोसेंट्रीफ्यूज ट्यूब में एग्लूटिनेशन है, तो यह बी ब्लड ग्रुप है; यदि A और B लेबल वाली माइक्रोसेंट्रीफ्यूज ट्यूब दोनों में एग्लूटिनेशन पाया जाता है तो इसे AB ब्लड ग्रुप माना जाता है और अगर H लेबल वाली ट्यूब में एग्लूटिनेशन है, तो यह O ग्रुप है।

यदि D लेबल वाले माइक्रो सेंट्रीफ्यूज में एग्लूटिनेशन पाया जाता है, तो Rh (पॉजिटिव) ब्लड ग्रुप की उपस्थिति का संकेत मिलता है।



बड़े समूहन (क्लंप या एग्लूटिनेशन)

2 क्लंप





छोटे क्लंप(समूहन) या (एग्लूटिनेशन)

चित्र 1.8: समूहन की तीव्रता (स्रोत: NIB, Guidance manual, 2013)

तालिका 1.1: एबीओ प्रणाली के परिणामों की व्याख्या

ABO रक्त समूह			
एंटी–A	एंटी–B	एंटी–H	परिणाम
समूहन(एग्लूटिनेशन) उपस्थित	समूहन(एग्लूटिनेशन) अनुपस्थित	समूहन(एग्लूटिनेशन) अनुपस्थित	A रक्त समूह
समूहन(एग्लूटिनेशन) अनुपस्थित	समूहन(एग्लूटिनेशन) उपस्थित	समूहन(एग्लूटिनेशन) अनुपस्थित	B रक्त समूह
समूहन(एग्लूटिनेशन) उपस्थित	समूहन(एग्लूटिनेशन) उपस्थित	समूहन(एग्लूटिनेशन) अनुपस्थित	AB रक्त समूह
समूहन(एग्लूटिनेशन) अनुपस्थित	समूहन(एग्लूटिनेशन) अनुपस्थित	समूहन(एग्लूटिनेशन) उपस्थित	O रक्त समूह
Rh रक्त समूह			
एंटी–D			
समूहन(एग्लूटिनेशन) उपस्थित	Rh (पॉजिटिव)		
समूहन(एग्लूटिनेशन) अनुपस्थित	Rh (नेगेटिव)		

1.3.4 कमजोर डी (D) फेनोटाइप का पता लगाना

यदि किसी विशेष व्यक्ति की पहचान Rh– (नकारात्मक) के रूप में की जाती है, तो उस व्यक्ति में कमजोर D (Du)+(धनात्मक) प्रतिजन की उपस्थिति की संभावना होती है। यह पुष्टि करने के लिए कि क्या कमजोर D (Du)+ एंटीजन मौजूद है, अप्रत्यक्ष एग्लूटिनेशन टेस्ट किया जाता है।

1.3.4.1 आवश्यक सामग्री

1. एंटी ह्यूमन ग्लोब्युलिन
2. 0.9% सेलाइन
3. मिनी सेंट्रीफ्यूज / माइक्रोसेंट्रीफ्यूज
4. माइक्रोपिपेट (1एमएल)
5. माइक्रोपिपेट टिप्स (1एमएल)
6. वाटर बाथ
7. माइक्रोसेंट्रीफ्यूज ट्यूब स्टैंड
8. माइक्रोस्कोप

1.3.4.2 प्रक्रिया

1. 1.3.3 में वर्णित प्रक्रिया के अनुसार, आरएच–(नकारात्मक) के रूप में निर्धारित माइक्रोसेंट्रीफ्यूज ट्यूब (1 एमएल) को 30 मिनट के लिए वाटरबाथ (Water bath) में 37 डिग्री सेल्सियस पर इनक्यूबेट करें ।

2. माइक्रोसेंट्रीफ्यूज ट्यूब को 1 मिनट के लिए मिनीसेंट्रीफ्यूज में 1000 आरपीएम पर अपकेंद्रित(सेंट्रीफ्यूज) करें।

3. यदि RBC का जमाव देखा जाता है, तो इसे Rh+(धनात्मक) मानें। यदि कोई एग्लूटिनेशन नहीं है, तो आगे के चरणों के लिए बढ़ें।

4. 1ml माइक्रोपिपेट का उपयोग करके Rh– युक्त माइक्रोसेंट्रीफ्यूज ट्यूबों में 0.9% सेलाइन के 800µl मिलाए और मिनी सेंट्रीफ्यूज में 1000rpm पर सेंट्रीफ्यूज कर के माइक्रोसेंट्रीफ्यूज ट्यूब के सतह के तरल पदार्थ को हटा दें। इस चरण को तीन बार दोहराएं।

5. 1ml पिपेट के साथ माइक्रोसेंट्रीफ्यूज ट्यूब में 200µl एंटी ह्यूमन ग्लोब्युलिन मिलाइए।

6. धीरे से माइक्रोसेंट्रीफ्यूज ट्यूब को उंगली से टैप करके हिलाएं और प्रकाश या माइक्रोस्कोप की सहायता से आरबीसी के एग्लूटिनेशन की उपस्थिति की जांच करें।

7. यदि माइक्रोसेंट्रीफ्यूज ट्यूब में आरबीसी का एग्लूटिनेशन देखा जाता है, तो कमजोर D (Du) + की उपस्थिति की पुष्टि की जाती है और इसकी अनुपस्थिति में, इसे Rh– (नकारात्मक) के रूप में निर्धारित किया जाता है।

चित्र 1.9: वाटर बाथ (Water bath)
(स्रोत: https://en.wikipedia.org/wiki/Laboratory_water_bath#/media/File:Shaking_water_bath_2015.JPG)

चित्र 1.10: सूक्ष्मदर्शी (माइक्रोस्कोप)
(स्रोत: https://www.quirumed.com/ie/professional-binocular-microscope-achromatic.html)

1.4 संदर्भ

Dean, L. (2005). Blood groups and red cell antigens. National Center for Biotechnology Information (US). Chapter 5, The ABO blood group. Available from: https://www.ncbi.nlm.nih.gov/books/NBK2267/

Farhud, D.D. Zarif Yeganeh, M. (2013). A brief history of human blood groups. Iran J Public Health. 42(1):1-6.

Guidance manual on ABO and Rh blood grouping (2013). National Institute of Biologicals, Ministry of Health and Family Welfare, Government of India. Available at http://nib.gov.in/guidance_document/Guidance_manucal_QC_ABO_Rh_blood_grouping_26_03_2013.pdf.

International society of Blood Transfusion. Available at(www.isbtweb.org)

Latheef, S.A.A. (2021). Determination of A1, A2, B, O, M, N and Rh Blood Groups. Unit 2 (Practical Manual), In Biological Diversity of Human Populations (BANC 107), IGNOU, Available athttp://egyankosh.ac.in/bitstream/123456789/73698/1/Unit-2.pdf

Sarkar, R.N (2012). Applications of genetic polymorphism. Unit 3. In Practising Anthropology (MANI-003), IGNOU. pp 28-39.

Venkatramana P. (2012). Human genetics and society. Unit2. In Practising Anthropology (MANI-003), IGNOU. pp 19-27.

इकाई 2 रंग दृष्टिहीनता (वर्णांधता)*

इकाई की रूपरेखा

2.0 परिचय

2.1 वर्णान्धता (कलर ब्लाइंडनेस) के प्रकार

2.1.1 मोनोक्रोमेसी

2.1.2 डाइक्रोमेसी

2.1.3 विषम ट्राइक्रोमेसी

2.2 वंशानुक्रम पैटर्न

2.3 इशिहारा टेस्ट

2.4 संदर्भ

अधिगम के उद्देश्य

इस इकाई को पढ़ने के बाद, आप सक्षम होंगे:

- विभिन्न प्रकार के वर्णांधता की व्याख्या कर सकेंगे;
- वर्णान्धता के वंशानुक्रम पैटर्न को स्पष्ट कर सकेंगे; तथा
- वर्णान्धता का पता लगाने की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए।

2.0 परिचय

वर्णांधता (कलर ब्लाइंडनेस) कुछ रंगों में अंतर न कर पाने की शारीरिक विफलता है। वर्णांधता के लिए एक बेहतर शब्द है कलर विजन की कमी, क्योंकि ज्यादातर कलर ब्लाइंड (वर्णांध) लोग लाल, हरे या नीले रंग को छोड़कर रंगों की पहचान कर सकते हैं। सामान्य दृष्टि वाले व्यक्ति तीन प्राथमिक रंगों जैसे लाल, हरा और नीला को जोड़कर इन रंगों में अंतर कर सकते हैं। कभी–कभी, किसी व्यक्ति की इन रंगों में से किसी एक को समझने की शक्ति या तो सामान्य से कम होती है या पूरी तरह से खो जाती है, शायद ही कोई व्यक्ति पूरी तरह से रंगों के पहचान की भावना पूरी तरह से खोता हो। मनुष्य के लगभग बीस वर्ण लिंग से जुड़े वंशानुक्रम को प्रदर्शित करते हैं और उनके जीन ज्यादातर Y गुणसूत्र के बजाय X पर स्थित होते हैं।

यह स्थापित किया गया है कि रंग से जुड़ा दृष्टि दोष एक्स–लिंक्ड विशेषता के रूप में विरासत में मिला है, जिसमें सामान्य कलर विजन रंग के दृष्टि दोष पर हावी होता है।

सेक्स लिंक्ड इनहेरिटेंस का सबसे लोकप्रिय उदाहरण रेड–ग्रीन (R–G) कलर ब्लाइंडनेस है। सामान्य दृष्टि में तीन शंकु वर्णक या फोटोरिसेप्टर या ऑप्सिन, लघु (एस–नीला), लंबा (एल–लाल) और मध्य (एम–हरा) की उपस्थिति का योगदान होता है और उन्हें उनकी

*योगदानकर्ता– डॉ. पी. वेंकटरमना, मानवविज्ञान संकाय, सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ, इग्नू, नई दिल्ली
अनुवादक– डॉ.चित्रलेखा अंशुजीलांसर, नई दिल्ली

संवेदनशीलता के आधार पर नामित किया जाता है। दृश्य प्रकाश में मध्य (हरा) और लघु (नीला) और लंबे (लाल) तरंग दैर्ध्य में रखे जाते हैं । इन फोटोरिसेप्टर को एन्कोड करने वाले जीन क्रोमोसोम 7 (एस) और एक्स क्रोमोसोम (एम और एल) पर स्थित होते हैं।

2.1 वर्णान्धता (कलर ब्लाइंडनेस) के प्रकार

कलर ब्लाइंडनेस तीन प्रकार का होता है मोनोक्रोमेसी, डाइक्रोमेसी और एनोमलस ट्राइक्रोमेसी। विभिन्न प्रकारों पर एक संक्षिप्त नोट नीचे प्रस्तुत किया गया है।

2.1.1 मोनोक्रोमेसी

इस प्रकार की वर्णांधता के वाहक को कोई रंग नहीं दिखता है और मोनोक्रोमेसी एक दुर्लभ घटना है।

यह दो प्रकार की होती है।

(i) विशिष्ट मोनोक्रोमेसीः यह शंकु के कैट आयन चैनल के अल्फा और बीटा सबयूनिट्स को संकेतीकृत करने वाले जीन में उत्परिवर्तन के कारण होता है। इस प्रकार के वर्णांधता के वाहकों में लाल रंग के प्रति असंवेदनशीलता, कम दृश्य तीक्ष्णता, आंखों का अनैच्छिक हिलना और चमक से रंग में अंतर होता है।

(ii) ब्लू मोनोक्रोमेसीः इस प्रकार की कलर ब्लाइंडनेस एल (लाल) या एम (हरा) की अनुपस्थिति और केवल एस (नीला) शंकु वर्णक की उपस्थिति की विशेषता होती है। इसमें वाहक वर्णांध होते हैं जोकि लाल रंग के प्रति बहुत संवेदनशील होते हैं, निस्टागमस (एक दृष्टि की स्थिति जिसमें आंखें दोहराव, अनियंत्रित गति करती हैं) में दृश्य तीक्ष्णता कम होती है।

2.1.2 डाइक्रोमेसी

डाइक्रोमेसी तीन प्रकार के शंकुओं में से एक की अनुपस्थिति या खराबी के कारण होता है। इसे आगे तीन प्रकारों में विभाजित किया गया है।

(i) प्रोटानोपिया (लाल रंग का अंधापन)ः इस प्रकार की वर्णांधता में, एल (लाल) शंकु वर्णक अनुपस्थित होता है, इस कारण लाल रंग के प्रति संवेदनशीलता कम हो जाती है और लाल, पीले और हरे, सफेद और हरे और बैंगनी और नीले रंग में अंतर करने में भ्रम होता है। लाल रंग का अंधापन पुरुषों में 1% और महिलाओं में 0.01% है।

(ii) ड्यूटेरानोपिया (हरा रंग का अंधापन)ः ड्यूटेरानोपिया में एम (हरा) शंकु वर्णक अनुपस्थित होता है जो पीले, लाल और हरे, और सफेद और हरे रंग के रंगों में अंतर करने में भ्रम उत्पन्न करता है। इस कारण रंगों को पहचानने की क्षमता कम हो जाती है। इस प्रकार के वर्णांधता की घटना प्रोटानोपिया के समान ही होती है।

(iii) ट्रिटेनोपिया (नीले रंग का अंधापन)ः ट्रिटेनोपिया में एस (नीला) शंकु वर्णक अनुपस्थित होता है जो नीले को नीले–हरे और हरे रंग के साथ, और सफेद को पीले रंग से भ्रमित करता है। इसमें रंग पहचानने की क्षमता में कमी देखी गई है। ब्लू कलर ब्लाइंडनेस की घटना 13,000 पुरुषों और महिलाओं में से 1 को होती है।

2.1.3 विषम ट्राइक्रोमेसी

विषम ट्राइक्रोमेसी का परिणाम तब होता है जब 3 शंकुओं में से एक ठीक से काम नहीं करता है। यह भी तीन प्रकार का होता है।

(i) प्रोटोनोमालीः प्रोटानोमेली की घटना पुरुषों में 1% और महिलाओं में 0.03% पाई गई है। इस स्थिति में शंकु अवशोषण स्पेक्ट्रम में प्रकाश का स्थानांतरण एल (लाल) से एस (नीला) में देखा जाता है जिस कारण लाल रंग की संवेदनशीलता कम हो जाती है और हरे, लाल और पीले रंग के रंग में अंतर करने में भ्रम होता है। इस विभेद में सफेद रंग हरे और असामान्य रंग के मिलान के रूप में भ्रम उत्पन्न करता है।

(ii) ड्यूटेरोनोमलीः इसमें प्रकाश के ड से स शंकु अवशोषण स्पेक्ट्रम में स्थानांतरण को नोट किया जाता है। सफेद रंग का हरे रंग के रूप में भ्रम होता है और पीले रंग में अंतर करने में विफलता होती है। लाल, हरे और असामान्य रंगों के मिलान में अंतर करने में अवरोध होता है (रंग मिलान में अतिरिक्त हरा जोड़ें, लाल + हरा = पीला)। पुरुषों में ड्यूटेरोनोमली की घटना 5% और महिलाओं में 0.35% पाई गई है। हरे रंग के प्रति संवेदनशीलता कम हो जाती है।

(iii) ट्रिटेनोमालीः एस शंकु वर्णक आंशिक रूप से लुप्त हो जाते हैं जिस कारण नीले रंग, और नीले–हरे और हरे रंग (कोल, 2007) में अंतर करने में कठिनता होती है। यह स्थिति बहुत कम देखी जाती है।

वर्णांधता (कलर ब्लाइंडनेस) मस्तिष्क, आंखों और तंत्रिकाओं की क्षति या बीमारियों (सिकल सेल एनीमिया, ऑप्टिक न्यूरिटिस, उच्च रक्तचाप, धब्बेदार अधः पतन, ग्लूकोमा और मधुमेह) या जीन कोडिंग ऑप्सिन, *GNAT2* (गुआनिन न्यूक्लियोटाइड–बाइंडिंग प्रोटीन G(t) सबयूनिट अल्फा–2, फॉस्फोडिएस्टरेज़, घक्रीय न्यूक्लियोटाइड गेटेड चैनल बीटा 3, *OPNISW* (ऑप्सिन 1, शॉर्ट वेव सेंसिटिव), *OPNILW* (ऑप्सिन 1, लॉन्ग वेव सेंसिटिव) और *OPNIMW* (ऑप्सिन 1, मीडियम वेव सेंसिटिव) जीन में उत्परिवर्तन के कारण होता या दवाओं के संपर्क (क्लोरोक्वीन, सिल्डेनाफिल, एथनब्युटोल, डिगॉक्सिन, तपेदिक रोधी दवाएं और बार्बिटुरेट्स) से होता है। ।

2.2 वंशानुक्रम पैटर्न

वर्णान्धता का वंशानुक्रम पैटर्न निम्नलिखित आकृतियों में प्रस्तुत किया गया है (चित्र 2.1 से 2.5)



चित्र 2.1: यदि वर्णांध पुरुष गॉन कलर ब्लाइंड महिला से शादी करता है



चित्र 2.2: यदि गैर– वर्णान्ध पुरुष वर्णांध महिला (वाहक) से विवाह करता है



चित्र 2.3: यदि वर्णांध पुरुष वर्णांध महिला (कैरियर) से शादी करता है



चित्र 2.4: यदि गैर–वर्णान्ध व्यक्ति वर्णान्ध महिला से विवाह करता है

(स्रोत: https://www.colourblindawareness.org/colour-blindness/inherited-colour-vision-deficiency)

लाल–हरे रंग की वर्णान्धता का वंशानुक्रम पैटर्न चित्र 2.5 में आरेखीय रूप से दर्शाया गया है।



चित्र 2.5: लाल–हरा रंग अंधापन वंशानुक्रम पैटर्न (स्रोत: colblindor.com)

जब एक सामान्य महिला किसी वर्णान्ध पुरुष से विवाह करती है तो उसके सभी पुत्रों और पुत्रियों की रंग दृष्टि सामान्य होती है। लेकिन जब उसकी बेटियों की शादी सामान्य रंग दृष्टि वाले व्यक्ति से की जाती है तो कुछ वर्णान्ध पुत्र पाए जाते हैं। इसका अर्थ है कि सामान्य रंग दृष्टि वाली महिला, जिसका पिता वर्णान्ध है, जब बच्चों को जन्म देती है, तो उनमें से लगभग आधे पुत्रों के वर्णान्ध होने की संभावना होती है और अन्य आधे के सामान्य रंग दृष्टि वाले होने की संभावना होती है।

2.3 इशिहारा टेस्ट

रंग दृष्टि की कमी/रंग अंधापन का पता लगाने के लिए व्यापक रूप से उपयोग किया जाने वाला परीक्षण इशिहारा परीक्षण है। यह परीक्षण जापान के शिनोबू इशिहारा द्वारा विकसित किया गया था और 1929 से उपयोग में है। यह परीक्षण 5 साल के उम्र के प्रतिभागियों से शुरू किया जा सकता है और लाल–हरे रंग की वर्णांधता की जांच करने और प्रोटॉन और डुएटन दोषों के बीच अंतर करने के लिए उपयोग किया जाता है। व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाने वाला यह परीक्षण 38 प्लेट या चार्ट संस्करण (चित्र 2.6) को नियोजित करके किया जाता है। प्रत्येक प्लेट में अलग–अलग रंग के डॉट्स की पृष्ठभूमि के विपरीत अलग–अलग आकार के रंगीन डॉट्स में अंक मुद्रित होते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि रंग दृष्टि की कमी वाले व्यक्ति या तो गलत तरीके से पढ़ते हैं, या आंकड़े पढ़ने में विफल होते हैं। 38 प्लेटों (चित्र 2.7) में से 1–25 प्लेटों में संख्याएँ होती हैं और यह साक्षरों के लिए होती हैं और 26–38 प्लेटों में घुमावदार रेखाएँ (चित्र 2.8) होती हैं जिनका उपयोग निरक्षरों के लिए किया जाता है। 38 प्लेटों में से, 1–21 प्लेटों का उपयोग करके, सामान्य और रंग दृष्टि की कमी वाले व्यक्तियों और डयूटन को विभेदित किया जा सकता है।

चित्र 2.6: इशिहारा–टेस्ट बुक (स्रोत: www.trishir.com)



चित्र 2.7: इशिहारा टेस्ट प्लेट्स (स्रोत: filebuzz.com)



चित्र 2.8: घुमावदार रेखाओं वाली इशिहारा प्लेट
(स्रोत: http://www.color-blindness.com/2012/10/22/#prettyPhoto[Ishihara38]/25/)

प्रक्रिया

1. प्लेट्स को प्रतिभागी की दृष्टि रेखा के समकोण पर लगभग 75 सेमी की दूरी पर एक कमरे में रखा जाता है जिसे दिन के उजाले में अच्छी तरह से व्यवस्थित किया जाता है।

2. प्रतिभागी को प्लेट संख्या 1–25 में अंकों को पढ़ने के लिए कहा जाता है और प्रत्येक पठन तीन सेकंड के भीतर पूरा किया जाना चाहिए।

3. प्रतिभागी के दृश्य दोष का आकलन करने के लिए ,प्रतिभागी द्वारा पहचाने गए अंकों का मिलान मानक तालिका (तालिका 2.1) से किया जाता है।

4. यदि प्रतिभागी 17 या अधिक प्लेटों को पढ़ने में सक्षम है, तो उसे सामान्य रंग दृष्टि के रूप में निरूपित किया जाता है। यदि प्रतिभागी 13 या उससे कम प्लेट पढ़ने में सक्षम है, तो उसे लाल–हरे रंग की दृष्टि की अक्षमता(कमी के रूप) में पहचाना जाता है।

5. प्लेट नंबर 18, 19, 20 और 21 में अंक 5, 2, 45 और 73 पढ़ने में सक्षम प्रतिभागी और तुलनात्मक रूप से प्लेट 14, 10, 13 और 17 को अधिक आसानी से अंक पढ़ने वाले प्रतिभागियों को असामान्य कहा जाता है।

6. प्रोटान और ड्यूटान प्रकार के रंग दृष्टि में अंतर करने के लिए, प्लेट्स 22,23, 24 और 25 को उपयोग किया जाता है।

7. यदि प्रतिभागी लाल अंक को पढ़ने में विफल रहता है, तो उसे प्रोटान कहा जाता है और यदि लाल–बैंगनी अंकों को पढ़ने में विफल रहता है तो उसे ड्यूटान के रूप में लेबल किया जाता है।

तालिका 2.1: सामान्य और रंग दृष्टि की कमी के अंतर के लिए मानदंड

प्लेट संख्या	सामान्य रंग दृष्टि	लाल–हरे (R–G) रंग की कमी	कुल वर्णांधता और असक्तता
1	12	12	12
2	8	3	X
3	6	5	X
4	29	70	X
5	57	35	X
6	5	2	X
7	3	5	X
8	15	17	X
9	74	21	X
10	2	X	X
11	6	X	X
12	97	X	X
13	45	X	X
14	5	X	X
15	7	X	X

16	16	X				X
17	73	X				X
18	X	5				X
19	X	2				X
20	X	45				X
21	X	73				X
		प्रोटान		ड्यूटान		
		प्रबल	हल्का	प्रबल	हल्का	
22	26	6	(2) 6	2	2 (6)	X
23	42	2	(4) 2	4	4 (2)	X
24	35	5	(3) 5	3	3 (5)	X
25	96	6	(9) 6	9	9 (6)	X

एक्स (x) = प्लेट नहीं पढ़ा; रिक्त स्थान = पढ़ना अनिश्चित है; कोष्ठक में अंक = पढ़ा जा सकता है लेकिन तुलनात्मक रूप से अस्पष्ट

उन विषयों (प्रतिभागियों) के लिए जो प्लेट संख्या 1–25 में अंकों को पढ़ने में असमर्थ हैं, प्लेट संख्या 26–38 का उपयोग किया जाता है और विषय को प्लेट पर दो एक्स के बीच की घुमावदार रेखाओं को नरम ब्रश से ट्रेस करने के लिए कहा जाता है। प्रत्येक प्लेट की ट्रेसिंग दस सेकंड के भीतर की जानी चाहिए। इनका विस्तृत विवरण इस प्रकार है (मसीन और चहल, 1996)।

प्लेट संख्या 26 और 27 दो एक्स(X') के बीच घुमावदार रेखा का पता लगाने में प्रयुक्त की जाती हैं जिसे सामान्य व्यक्ति बैंगनी और लाल रेखाओं के साथ ट्रेस करता है। प्रोटोनोपिया और प्रबल प्रोटोनोमेलिया के मामले में केवल बैंगनी रेखा का पता लगाया जाता है, और हल्के प्रोटोनोमेलिया के मामले में दोनों रेखाओं का पता लगाया जाता है लेकिन बैंगनी रेखा को फॉलो करना आसान होता है। ड्यूटेरोनोपिया और प्रबल ड्यूटेरानोमेलिया में केवल लाल रेखा का पता लगाया जाता है, और हल्के ड्यूटेरानोमेलिया के मामले में दोनों रेखाओं का पता लगाया जाता है किंतु इसमें लाल रेखा को फॉलो करना आसान होता है।

प्लेट संख्या 28 और 29 दो एक्स(X') के बीच घुमावदार रेखा का पता लगाने में लाल–हरे रंग की कमी वाले अधिकांश लोग लाइन के साथ ट्रेस करते हैं, लेकिन सामान्य और पूर्ण वर्णांध और कमजोरी वाले अधिकांश लोग लाइन का पालन करने में असमर्थ होते हैं।

प्लेट संख्या 30 और 31 दो एक्स(X') के बीच की घुमावदार रेखा को ट्रेस करने में सामान्य नीली हरी रेखा का पता लगाता है, लेकिन रंग दृष्टि की कमी वाले अधिकांश लोग रेखा का अनुसरण करने या सामान्य रेखा से भिन्न रेखा का अनुसरण करने में असमर्थ होते हैं।

प्लेट संख्या 32 और 33 दो एक्स(X') के बीच घुमावदार रेखा का पता लगाने में सामान्य नारंगी रेखा को ट्रेस है, लेकिन रंग दृष्टि की कमी वाले अधिकांश लोग रेखा का पालन करने में असमर्थ होते हैं या सामान्य से अलग रेखा का पालन नहीं कर पाते हैं।

प्लेट नंबर 34 और 35 दो एक्स(X') बीच सामान्य नीले–हरे और पीले हरे(येलोइस ग्रीन) रंग को जोड़ने वाली घुमावदार रेखा का पता लगाने में प्रयुक्त होती है। इसमें लाल–हरे रंग की कमी वाले लोग नीले हरे और बैंगनी रंग को जोड़ने वाली रेखा का पता लगाते हैं और पूर्ण वर्णांता और अक्षमता वाले लोग इस रेखा का पता लगाने में सक्षम नहीं होते हैं।

प्लेट नंबर 36 और 37 दो एक्स(X') के बीच घुमावदार रेखा का पता लगाने में, बैंगनी और नारंगी को जोड़ने वाली सामान्य रेखा का पता लगाने में प्रयुक्त होती है। लाल–हरे रंग की कमी वाले लोग बैंगनी और नीले हरे रंग को जोड़ने वाली रेखा का पता लगाते हैं, और पूर्ण वर्णांधता और अन्य अक्षमता वाले लोग इन रेखाओं को ट्रेस नहीं कर पाते हैं।

प्लेट नंबर 38 दो एक्स(X') के बीच घुमावदार रेखा का पता लगाने में प्रयुक्त होती है। सामान्य और रंग दृष्टि की कमी वाले दोनों ही रेखा का पता लगाने में सक्षम होते हैं।

सावधानियां:–

1. परीक्षण सीधे धूप या बिजली के प्रकाश में नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि इससे रंग के सेड्स की उपस्थिति में परिवर्तन के कारण विसंगति पैदा हो सकती है।
2. जब उपयोग में न हो, तो टेस्ट प्लेट की किताब को बंद रखें क्योंकि सूर्य के प्रकाश के अनुचित संपर्क से प्लेटों का रंग फीका पड़ सकता है।
3. यदि यह संदेह है कि, विषय की ओर से जानबूझकर धोखा दिया जा रहा है तो प्लेटों के क्रम को बदलें।

अभ्यास करें: इशिहारा प्लेटों का उपयोग करने वाले प्रतिभागियों में जन्मजात मूल की रंग दृष्टि की कमी का आकलन करें।

2.4 संदर्भ

Cole, BL. (2007) Assessment of inherited colour vision defects in clinical practice. Clin Exp Optom, 90: 3: 157–175.

Bhasin, MK & Chahal, SMS (1996). A Laboratory Manual for Human Blood Analysis. Delhi: Kamla-Raj Enterprises.

Latheef SAA & P.Venkatramana. Colour blindness,Taste sensitivity. Module 7. Paper 13. Research methods and filed work.pp1-21. A module to UGC E-Pathashala, Dept. of Anthropology, ePg Pathashla, Anthropology.An MHRD project under its national mission through ICT.Available at: https://epgp.inflibnet.ac.in/Home/ViewSubject?catid=1

इकाई 3 ग्लूकोज–6–फॉस्फेट डिहाइड्रोजनेज की कमी (G6PD)*

इकाई की रूपरेखा

3.0 परिचय

3.1 G6PD की कमी के निदान की विधियां

3.1.1 रैपिड डायग्नोसिस टेस्ट (RDT)

3.1.1.1 सिद्धांत

3.1.1.2 उंगली में से केशिका रक्त निकालने के लिए आवश्यक सामग्री

3.1.1.3 केशिका रक्त निकालने में शामिल प्रक्रिया

3.1.1.4 रैपिड डायग्नोस्टिक टेस्ट के लिए आवश्यक सामग्री

3.1.1.5 प्रक्रिया

3.1.2 फ्लोरोसेंट स्पॉट टेस्ट (FST)

3.1.2.1 सिद्धांत

3.1.2.2 आवश्यक सामग्री

3.1.2.3 प्रक्रिया

3.1.3 डाई डीकोलाइजेशन स्क्रीन टेस्ट

3.1.3.1 सिद्धांत

3.1.3.2 आवश्यक सामग्री

3.1.3.3 प्रक्रिया

3.1.4 एक मात्रात्मक G6PD सब्सट्रेट की जांच

3.1.4.1 सिद्धांत

3.1.4.2 आवश्यक सामग्री

3.1.4.3 हेमोलिसेट्स की तैयारी

3.1.4.4 प्रक्रिया

3.2 संदर्भ

अधिगम के उद्देश्य

इस इकाई को पढ़ने के बाद, आप सक्षम होंगे:

- स्वास्थ्य और रोग में G6PD के महत्व को समझ सकेंगे
- G6PD की कमी के निदान के लिए उपयोग की जाने वाली विभिन्न विधियों को जान पाएंगे

*डॉ. एसएए सलीम, आनुवंशिकी एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग, उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद।
अनुवादक– डॉ.चित्रलेखा अंशु, प्रोफेसर, नई दिल्ली

3.0 परिचय

